# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

# कार्यवृत्त

## विद्या परिषद् की 70वीं बैठक

दिनांक

**31 जनवरी, 2023**

स्थान

**बृहस्पति भवन**

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय
अजमेर ।

# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

## विद्या परिषद् की 70वीं विशेष बैठक

## कार्यवृत्त (Minutes)

विद्या परिषद् की 70वीं विशेष बैठक दिनांक 31.01.2023 को प्रातः 11.30 बजे बृहस्पति भवन स्थित उपनिषद् कक्ष मे सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः-

| | |
|---|---|
| 1. प्रो. अनिल कुमार शुक्ला, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. प्रो. ऋतु माथुर, संकायाध्यक्ष-स्नातकोत्तर अध्ययन | सदस्य |
| 3. प्रो. सुब्रतो दत्ता, संकायाध्यक्ष-महाविद्यालय एवं विभागाध्यक्ष-रिमोट सेंसिंग एण्ड जियो-इन्फोरमेटिक्स विभाग एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग | सदस्य |
| 4. प्रो. शिव दयाल सिंह, संकायाध्यक्ष-समाज विज्ञान एवं विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 5. प्रो. शिव प्रसाद, संकायाध्यक्ष-प्रबन्ध अध्ययन संकाय, संकायाध्यक्ष-छात्र कल्याण तथा विभागाध्यक्ष, प्रबन्ध अध्ययन विभाग | सदस्य |
| 6. प्रो. आशीष भट्नागर, संकायाध्यक्ष-विज्ञान संकाय एवं विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 7. डॉ. गीता शर्मा, संकायाध्यक्ष-ललित कला संकाय | सदस्य |
| 8. डॉ. विभा शर्मा, संकायाध्यक्ष-विधि संकाय | सदस्य |
| 9. प्रो. एस.वी. शर्मा, संकायाध्यक्ष-शिक्षा संकाय | सदस्य |
| 10. डॉ. शमा खान, संकायाध्यक्ष-कला संकाय | सदस्य |
| 11. डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, संकायाध्यक्ष-वाणिज्य संकाय | सदस्य |
| 12. प्रो. भारती जैन, विभागाध्यक्ष, खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग | सदस्य |
| 13. प्रो. रीटा मेहरा, विभागाध्यक्ष, शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त रसायनशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 14. प्रो. नीरज भार्गव, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साईंस विभाग | सदस्य |
| 15. प्रो. अरविन्द पारीक, विभागाध्यक्ष- वनस्पतिशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 16. प्रो. सुभाष चन्द्र, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 17. श्री बजरंगलाल बैरवा, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, टौंक । | सदस्य |
| 18. मोहम्द इदरिश खान, प्राचार्य, स्टार इन्फोटेक कॉलेज, देवली जिला-टौंक। | सदस्य |
| 19. डॉ. अमित गुप्ता, सह-आचार्य, वनस्पतिशास्त्र विभाग, विश्वविद्यालय साईंस कॉलेज, मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर। | सदस्य |
| 20. कुलसचिव | सदस्य-सचिव |

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हुएः-**

1. अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर । **सदस्य**
2. आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर । **सदस्य**
3. डॉ0 सिस्टर पर्ल, प्राचार्य सोफिया कॉलेज, अजमेर । **सदस्य**

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद् के सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलसचिव को विद्या परिषद की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया:-

| मद | विवरण | अनुभाग/ विभाग |
|---|---|---|
| मद सं0 1 | **प्रतिवेदित है कि** माननीय कुलपति महोदय द्वारा विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अन्तर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की वर्ष 2018 से 2022 में आयोजित परीक्षाओं में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों को एवं अध्यादेश O.124.17 (4) के प्रावधानान्तर्गत दिनांक 16.07.2018 से 31.01.2023 तक के शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान किये जाने वाले अनन्तिम प्रमाण-पत्र (Provisional Certificate) धारियों को संबंधित संकाय और शीर्षक के अनुसार उपाधि प्रदान की जानी है । इस हेतु उपाधि धारण करने की तिथि (ग्रेस पास) दिनांक 31 जनवरी, 2023 निर्धारित की गई ।<br><br>माननीय कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 09.01.2023 विद्या परिषद के समक्ष पुष्टि हेतु प्रस्तुत है । | उपाधि |
| निर्णय | **पुष्टि की गयी ।** | |
| मद सं. 2 | विश्वविद्यालय के Convocation में महामहीम राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थी जो दीक्षान्त में अनुपस्थित होते हैं, उन समस्त अनुपस्थित परीक्षार्थियों को दीक्षा प्रदान करने के बाद ही महाविद्यालयों में उपाधियों का वितरण होता है। Convocation का Ordinance O.123 O.(a) निम्नानुसार हैः-<br><br>**"Institutional Convocation shall be held after the University Convocation of the year. The date shall be fixed by the Head of the Institution concerned, under intimation to the University."**<br><br>उक्त Ordinance का आशय यह है कि विश्वविद्यालय में आयोजित | उपाधि |

| | | |
|---|---|---|
| | Main Convocation के बाद ही सम्बन्धित महाविद्यालयों में उपाधि वितरण होगा।<br><br>अतः दशम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 15 फरवरी, 2023 के आयोजन पश्चात् विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभागों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा वर्ष 2018 से 2022 की विभिन्न परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों की उपाधियां दीक्षान्त तिथि दिनांक 15 फरवरी, 2023 के पश्चात् वितरण किये जाने की कार्यवाही बाबत् मद विद्या परिषद/प्रबन्ध मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है। इस सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदय के स्वीकृति आदेश दिनांक 23.01.2023 विद्या परिषद/प्रबन्ध मण्डल के समक्ष प्रतिवेदनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। | |
| निर्णय | **उक्त प्रस्ताव को स्वीकार किया गया ।** | |
| **मद सं0 3** | विश्वविद्यालय का दशम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 15 फरवरी, 2023 को आयोजित होना निश्चित है। **174 स्वर्ण पदक** एवं **05 कुलाधिपति स्वर्ण पदक कुल 179 स्वर्ण पदक** प्रदान किये जायेंगे।<br><br>इसके साथ ही दिनांक 16 जुलाई, 2018 से 31 जनवरी, 2023 तक **183 विद्या वाचस्पति** की उपाधियां पारित की गई है। जिन्हें विश्वविद्यालय के दशम् दीक्षान्त समारोह में सम्मानित किया जायेगा।<br><br>अतः उक्त मद विद्या परिषद्/प्रबन्ध मण्डल के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। | **उपाधि** |
| निर्णय | **उक्त प्रस्ताव को स्वीकार किया गया ।** | |
| **मद सं0 4** | प्रयास सेवा संस्थान सुपका, डीडवाना, जिला-नागौर से प्राप्त पत्रांक PSS/2022/329 Dated 30-12-2022 (कार्यसूची का परिशिष्ट-1) के द्वारा इशोम स्पेशल टी.टी. सेंटर, लाडनू, नागौर (राज.) में बी.एड. स्पेशल एज्यूकेशन (वी.आई.) पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु नवीन अस्थई सम्बद्धता हेतु आवेदन-पत्र (सत्र 2022-23 हेतु) प्रस्तुत किया है ।<br><br>सत्र 2022-23 अभी समाप्ति की ओर है एवं विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. स्पेशल एज्यूकेशन (वी.आई.) पाठ्यक्रम संचालित नहीं किया जा रहा है । अतः उक्त प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है । | **शैक्षणिक-II** |

| | | |
|---|---|---|
| निर्णय | **उक्त मद पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में बी.एड. स्पेशल एज्यूकेशन (वी.आई.) पाठ्यक्रम लागू किया जाय तथा इस हेतु विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जाय । इस पाठ्यक्रम हेतु सम्बद्धता चाहने वाले महाविद्यालय को उनके द्वारा जमा कराये गये शुल्क को लौटाते हुए इस आशय का पत्र दे दिया जाय कि सत्र 2022-23 में यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय में लागू नहीं है । विश्वविद्यालय में जब भी यह पाठ्यक्रम लागू होगा तद्नुसार आपको सूचित कर दिया जायेगा ।** | |
| मद सं0 5 | माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार सत्र 2019-20 के पाठ्यक्रमों को स्कैन कराकर विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर सत्र 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के कॉलम में पाठ्यक्रमों को अपलोड करने के दौरान वैबसाईट की स्पेस एवं स्क्रीन पर दिखने वाले पाठ्यक्रमों के संबंध में वैब एडमिनिस्ट्रेटर महोदय से चर्चा की गयी तो उन्होंने बताया कि वैबसाईट की स्पेस को देखते हुए स्क्रीन पर सत्र 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के पाठ्यक्रमों के कॉलम ही दिख पायेंगे तथा स्पेश की कमी के कारण सत्र 2018-19 के पाठ्यक्रमों एवं पहले से अपलोड अधूरे पाठ्यक्रमों को Syllabus (Archive) पर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा । कार्यालय द्वारा सत्र 2018-19 के अपलोडेड पाठ्यक्रमों को भी सत्र 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के पाठ्यक्रमों के साथ स्क्रीन पर दिखने के संबंध में वैब एडमिनिस्ट्रेटर महोदय से निवेदन किया गया तो उन्हेंाने अवगत कराया कि यदि विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोडेड एम.फिल. पाठ्यक्रमों को, जो कि लगभग 7-8 वर्षो पूर्व वैबसाईट पर अपलोड कराये गये थे उन्हें यदि हटाकर Syllabus (Archive) में डाल दिया जाता है तो फिर वैबसाईट की स्क्रीन पर एक साथ सत्र 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के पाठ्यक्रम देखे जा सकेंगे ।<br><br>शोध अनुभाग से एम.फिल. पाठ्यक्रमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी तो उन्होंने अवगत कराया कि एम.फिल. कोर्स में विगत काफी वर्षो से प्रवेश नहीं हो रहा है तथा एम.फिल. को बंद किये जाने के संबंध में भी कोई आदेश शोध अनुभाग के पास नहीं है । विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23 के प्रोस्पेक्टस एवं विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर दिखने वाले पाठ्यक्रमों को देखने पर ज्ञात होता है कि विश्वविद्यालय के द्वारा विद्यार्थियों | **शैक्षणिक-I** |

| | | |
|---|---|---|
| | हेतु एम.फिल. कोर्स ऑफर भी नहीं किया जा रहा है ।<br><br>विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोडेड एम.फिल. पाठ्यक्रमों को हटवाकर उन्हें वैबसाईट पर ही Syllabus (Archive) पर अपलोड करवाया जाना उचित होगा ताकि विद्यार्थियों के द्वारा पाठ्यक्रमों के संबंध में विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर जाते ही उसे एक साथ स्क्रीन पर सत्र 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के पाठ्यक्रम एक साथ दिख सके साथ ही विद्या परिषद के निर्णयानुसार सत्र 2019-20 के पाठ्यक्रमों को यथावत रखे जाने के संबंध में जारी अधिसूचना क्रमांक 20212-570 दिनांक 28.09.21, 929-1290 दिनांक 17.01.2022 एवं अधिसूचना क्रमांक 88951-89390 दिनांक 12.12.2022 को भी विश्वविद्यालय की वैबसाईट में अपलोडेड पाठ्यक्रमों के उपर ही अपलोड करवाया जाना उचित होगा ताकि छात्रों को एक साथ अधिसूचनाएं एवं पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर दिख सकें।<br><br>माननीय कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 30.01.2023 की पालना में उक्त प्रकरण नई शिक्षा नीति के क्रम में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है । | |
| निर्णय | **उक्त प्रस्ताव पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोडेड एम.फिल. पाठ्यक्रमों को मुख्य स्क्रीन से हटाकर Syllabus (Archive) में स्थानान्तरित कर दिये जाय ताकि आवश्यकता पड़ने पर विद्यार्थी उसे देख सके साथ ही पाठ्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण अधिसूचनाएं भी वैबसाईट पर अपलोडेड पाठ्यक्रमों के उपर अपलोड की जाय ताकि विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचनाओं एवं पाठ्यक्रमों को एक ही स्क्रीन पर विद्यार्थी सुलभता के साथ देख सके ।** | |
| मद सं0 6 | <u>उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित निर्णय भी लिया गयाः-</u><br><br>**1. प्रो. रीटा मेहरा ने सत्र 2022-23 की परीक्षाओं के लिए परीक्षक पैनल तैयार किये जाने हेतु अध्ययन बोर्ड/पाठ्यक्रम समिति के संयोजक के अतिरिक्त एक सदस्य के मनोनयन का प्रस्ताव रखा । इस प्रस्ताव पर विचार-विमर्श कर सत्र 2022-23 की परीक्षा हेतु परीक्षक पैनल तैयार करने के लिए अध्ययन बोर्ड/पाठ्यक्रम समिति के संयोजक को, गठित अध्ययन बोर्ड/पाठ्यक्रम समिति में से एक सदस्य मनोनीत करने हेतु अधिकृत किये जाने का निर्णय** | **शैक्षणिक-I** |

| | | |
|---|---|---|
| | लिया गया । संयोजक, अध्ययन बोर्ड/पाठ्यक्रम समिति उनके द्वारा मनोनीत किये जाने वाले सदस्य की सूचना शैक्षणिक-प्रथम अनुभाग एवं परीक्षा नियंत्रक अनुभाग को भी आवश्यक रूप से दे । | |

बैठक के अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

कुलपति

कुलसचिव